हरिभूमि
# रोहतक भूमि
रोहतक, गुरुवार, 26 जून 2025


तापमान
अधिकतम 36.8 डिग्री
न्यूनतम 25.0 डिग्री


10 मूलभूत सुविधाओं के लिए भटक रहे लोग



11 माता परमेश्वरी देवी जी को दी भावभीनी श्रद्धांजलि



## खबर संक्षेप

### बीएड एडिशनल की प्रैक्टिकल परीक्षाएं 4 से



**रोहतक।** महर्षि दयानंद विश्वविद्यालय की बीएड एडिशनल की प्रैक्टिकल परीक्षाएं 4-5 जुलाई को आयोजित की जाएंगी। परीक्षा नियंत्रक प्रो. राहुल ऋषि ने बताया कि प्रैक्टिकल परीक्षाओं संबंधित विस्तृत जानकारी विश्वविद्यालय वेबसाइट से प्राप्त की जा सकती है।

### युवाओं को नशा मुक्ति के प्रति किया जागरूक



**रोहतक।** राजकीय महिला महाविद्यालय लाखन माजरा में नशा मुक्त भारत पखवाड़ा के अंतर्गत बुधवार को शपथ ग्रहण समारोह का आयोजन किया गया। इस कार्यक्रम का उद्देश्य समाज को नशा मुक्त बनाना और युवाओं में नशा मुक्ति के प्रति जागरूकता फैलाना है। इस अवसर पर महाविद्यालय प्राचार्य इंदु सपरा की अध्यक्षता में सभी प्रतिभागियों ने नशा मुक्त भारत का संकल्प लिया। सभी उपस्थितों ने यह प्रतिज्ञा की कि वे स्वयं नशे से दूर रहेंगे और दूसरों को भी इसके दुष्परिणामों के प्रति जागृत करेंगे।

### महम आईटीआई में रोजगार मेला आज

**रोहतक।** उपायुक्त धर्मेंद्र सिंह ने बताया कि मंडल रोजगार कार्यालय, उपमंडल रोजगार कार्यालय महम तथा राजकीय औद्योगिक प्रशिक्षण संस्थान महम द्वारा 26 जून को सुबह 9 महम स्थित राजकीय औद्योगिक प्रशिक्षण संस्थान में रोजगार मेले का आयोजन किया जाएगा। इस रोजगार मेला में लगभग 10 कम्पनियां भाग लेंगी। धर्मेंद्र सिंह ने बताया कि इस रोजगार मेले में रोहतक तथा आस पास के जिलों में स्थित पॉलिटेक्निक व आईटीआई के डिप्लोमाधारी व अन्य नौकरी के इच्छुक अभ्यार्थी भाग ले सकते है। इस रोजगार मेले में आईटीआई फिटर, इलेक्ट्रिशियन, मैकेनिकल, वेल्डर, टर्नर, तीन वर्षीय डिप्लोमा धारक मैकेनिस्ट, इलेक्ट्रिकल, 10+2, स्नातक, स्नातकोत्तर, बीसीए, बीबीए, एमबीए व एमसीए सहित इत्यादी ट्रेड की रिक्तियां प्राप्त हुई है। उन्होंने बताया कि कार्यक्रम की सभी तैयारियां पूरी हो चुकी है।

### ब्लाइंड मर्डर के मामले का खुलासा: दोस्तों ने पैसों के लालच में की थी हत्या

# अजय ने 1.30 करोड़ में बेची थी कृषि भूमि दोस्तों ने गोली मारकर जमीन में ही दफनाया

- भैसरु खुर्द का अजय ढाई माह पहले संदिग्ध हालत में हो गया था लापता
- आरोपियों ने शव को मुरादाबाद के पास लगाया ठिकाने

हरिभूमि न्यूज. ▶▶ रोहतक

पुलिस की टीम ने करीब ढाई महीने पहले संदिग्ध परिस्थितियों में गायब हुए भैसरु खुर्द निवासी अजय के मामले में खुलासा कर दिया है। अजय की हत्या कर शव को दफनाया गया था। सांपला पुलिस ने ब्लाइंड मर्डर के मामले दो आरोपियों को गिरफ्तार करके 5 दिन के रिमांड पर लिया है। रिमांड के दौरान आरोपियों ने हत्या की वारदात को कबूल कर लिया है। आरोपियों ने अप्रैल माह में अपने साथी अजय की हत्या की थी। हत्या के बाद लाश को सरथल (मुरादाबाद) सड़क किनारे ठिकाने लगाया गया। मृतक के परिजनों द्वारा थाना सांपला में गुमशुदगी का मामला दर्ज करवाया हुआ था। आरोपियों को कोर्ट में पेश किया गया।

- पुलिस ने गली सड़ी हालत में शव किया बरामद



रोहतक। पुलिस की गिरफ्त में आरोपी युवक।



रोहतक। घटनास्थल पर जांच करते पुलिस के अधिकारी।

#### दादा ने दी थी पुश्तैनी भूमि

सांपला थाना प्रभारी बिजेंदर सिंह ने बताया कि 28 अप्रैल को भैसरु खुर्द निवासी योगेश ने अपने भाई अजय के गुमशुदा होने बारे शिकायत दर्ज कराई। जांच में सामने आया कि अजय अविवाहित है। अजय के दादा ने अपनी पुश्तैनी जमीन अजय व उसके भाई योगेश के नाम कर रखी है। अजय ने पुश्तैनी जमीन में से अपने हिस्से में आई 1 एकड़ जमीन को 1 करोड 30 लाख रुपयों में बेची थी। अजय 3 अप्रैल को तहसील सांपला आया था, जिसके बाद घर नहीं आया। जांच में सामने आया कि अजय की सुमित व भुपेंद्र निवासी गांव पहाडपुर जिला मुरादाबाद, उतर प्रदेश के साथ दोस्ती थी। दोनों पर शक होने पर दोनों से गहनता से पूछताछ की गई। पूछताछ में आरोपियों ने हत्या की वारदात का खुलासा किया। 22 जून को मामले में आरोपियों को गिरफ्तार किया गया। पूछताछ में सामने आया कि 3 अप्रैल को अजय ने अपनी जमीन 1 करोड़ 30 लाख रुपयों में बेची थी। रजिस्ट्री के दौरान अजय के दोस्त सुमित व भुपेंद्र भी साथ ही थे। उसके बाद अजय, सुमित व भुपेंद्र तीनों घूमने के लिए निकल गए। सुमित व भूपेंद्र को पता था कि अजय के पास रुपये हैं। दोनों को रुपयों का लालच आ गया तथा उन्होंने अपने अपने दोस्तों के साथ मिलकर अजय की हत्या करने का प्लान बनाया। 2-3 दिन बाद मुरादाबद में गंगा के किनारे स्थित ब्रिज घाट पर आरोपियों ने अपने साथियों के साथ मिलकर अजय की गोली मारकर हत्या कर दी। अजय की डैडबॉडी को गाड़ी में डालकर गांव सरथल खेड़े के पास सड़क के किनारे दबा कर मौके से फरार हो गए।

#### पुलिस ने पांच दिन के रिमांड पर लिया

23 जून को कोर्ट में पेश कर आरोपियों को पांच दिन के पुलिस रिमांड पर लिया गया है। 25 जून को आरोपियों द्वारा बताए गए स्थान पर स्थानीय पुलिस की सहायता से व मजिस्ट्रेट की मौजूदगी में अजय के शव को गली सड़ी हालात में बरामद किया गया है। कल अजय के शव का पोस्टमार्टम करवाया जाएगा।

## धामड़ में युवक की गोली मारकर हत्या करने के आरोपी गिरफ्तार

**रोहतक।** सीआईए-2 की टीम ने धामड़ निवासी युवकों पर हुई फायरिंग व गोली लगने से उपचार के दौरान मनीष की हुई मौत के मामले में आरोपी को गिरफ्तार किया गया है। आरोपी को कोर्ट में पेश किया गया है। सीआईए-2 प्रभारी सतीश कुमार ने बताया कि 8 फरवरी को पुलिस को सूचना मिली कि गांव रिठाल नहर पुल पर गोलियां चली है व घायलों को निजी अस्पताल ले जाया गया है। पुलिस टीम ने तुंरत मौके पर पहुंचकर जांच शुरु की। गोली लगने से घायल हुए युवकों की पहचान सौरभ व मनीष निवासी धामड़ के रूप में हुई। डॉक्टरों की टीम द्वारा मनीष को रैफर हाईयर सेंटर व सौरभ को पीजीआईएमएस रेफर किया गया। 11 फरवरी को उपचार के दौरान मनीष की मौत हो गई।



- पुलिस ने आरोपी दीपक उर्फ डीपी को गिरफ्तार किया

#### जेएनएल पर पानी लेने गया था

सौरभ की शिकायत के आधार पर आरोपियों के खिलाफ थाना सदर में केस दर्ज करके जांच शुरू कर दी गई थी। जांच में सामने आया कि 8 फरवरी को सौरभ व मनीष अपने गांव से रिठाल पुल पर जेएनएल नहर से पानी लेने गए। मनीष व सौरभ नहर पर पहुंचे तो वहां पर पहले से 3 गाड़ियां खडी थी। जिनमे मनदीप, आशीष, साहिल, रवि, रोहन, दीपक व अन्य युवक थे। युवकों ने अपने हाथ में ली हुई पिस्तौल से सौरव व मनीष पर जान से मारने की नियत से अंधाधुंध गोलियां चला दीं। मनीष व सौरभ को गोलियां लगी। जांच के दौरान 24 जून को आरोपी दीपक उर्फ डीपी निवासी धामड़ को गिरफ्तार किया गया है।

## सीनियर सिटीजन व दिव्यांगों के लिए जांच शिविर 3 को

**महम।** जिला प्रशासन एवं रेडक्रॉस सोसाइटी रोहतक द्वारा वरिष्ठ नागरिकों और दिव्यांगों के लिए 3 जुलाई को सुबह 9 बजे महम नगर पालिका कार्यालय परिसर में जांच शिविर लगाया जाएगा। नगर पालिका महम के उपप्रधान बसंत लाल गिरधर ने बताया कि यह कैंप भारत सरकार की आलिमको टीम के माध्यम से लगाया जाएगा। इस जांच शिविर में 60 वर्ष से अधिक के वरिष्ठ नागरिक जिन्हें कान की मशीन, व्हील चेयर, कमर बेल्ट, घुटनों के लिए बेल्ट की आवश्यकता है तो वे इस कैंप में भाग ले सकते हैं।

**जरूरतमंदों को रिक्शा देंगे :** इसके साथ-साथ दिव्यांगजन जिन्हें बैटरी वाली रिक्शा, हाथ वाली रिक्शा, व्हील चेयर अथवा वैशाखी की आवश्यकता है तो वे अपने साथ नया मेडिकल यूडीआईडी कार्ड, आय प्रमाण पत्र और एक फोटो साथ लेकर आएं। कैंप में वही दिव्यांग भाग लें, जिन्हें गत पांच सालों से कोई बैटरी वाली रिक्शा नहीं मिली है और 3 सालों से जिन्हें व्हीलचेयर, बैसाखी, हाथ वाली रिक्शा या कान वाली मशीन नहीं मिली है। कागजात पूरे न होने की स्थिति में पंजीकरण नहीं हो पाएगा। सीनियर सिटीजन भी अपने साथ आधार कार्ड और इनकम का प्रमाण पत्र जरूर लाएं। इसमें गांव अथवा शहर से जो जरूरतमंद दिव्यांग या वरिष्ठ नागरिक हैं, वे सभी इस कैंप का फायदा उठा सकते हैं। शिविर की तैयारियों को अंतिम रूप दिया जा रहा है।

## महम के वार्ड-6 में छह महीने से टूटी पड़ी है पेयजल पाइप लाइन

**महम।** कस्बा महम के वार्ड 6 में लीटल चैंप स्कूल के पास नरेंद्र रल्हन के मकान के साथ पिछले छह महीने से पेयजल पाइप लाइन टूटी हुई है। टूटी हुई पाइप लाइन की वजह से घरों में पानी के साथ गंदगी जा रही है। वार्डवासी नरेंद्र रल्हन, सुनीता, सुशीला और नीरू ने बताया कि गिरोत्रा बैंक्वट हॉल वाली गली में जनस्वास्थ्य विभाग द्वारा गत 6 महीने से गंदे पानी की आपूर्ति की जा रही है। पानी इतना बदबूदार आता है कि उससे पीना तो दूर नहाने व साफ सफाई में भी प्रयोग करने लायक नहीं होता। वार्ड के लोगों का कहना है कि इस संबंध में वे कई बार जनस्वास्थ्य विभाग के एसडीओ और जेई को शिकायत कर चुके हैं। लेकिन पाइप लाइन को ठीक नहीं किया जा रहा। वार्ड 6 के लोगों ने जिला उपायुक्त से समस्या का समाधान करवाने की मांग की है। साथ ही यह भी कहा है कि लापरवाह अधिकारियों व कर्मचारियों के खिलाफ सख्त कार्रवाई की जाए।

- घरों में आ रही दूषित सप्लाई

## गो सेवकों ने भिवानी रोड पर दिया धरना गोवंश की सुरक्षा को लेकर भूख हड़ताल

- शिवाजी कॉलोनी थाने की पुलिस मौके पर पहुंची, समझाने पर माने गोभक्त

हरिभूमि न्यूज ▶▶ रोहतक

गो सेवकों ने गायों की रक्षा करने की मांग को लेकर भिवानी रोड पर धरना दिया और भूख हड़ताल शुरू की। हाईवे पर लोगों की बैठने की सूचना पाकर शिवाजी कॉलोनी थाना पुलिस मौके पर पहुंची और लोगों को समझाने का प्रयास किया। काफी देर तक समझाने के बाद भी लोग धरने पर बैठे रहे।

धरने पर बैठे लोगों ने कहा कि आए दिन गोमाता को काटा जा रहा है, जिसको लेकर सरकार व प्रशासन कोई कदम नहीं उठा रहा। गोशालाओं में गाय मर रही है। कुछ लोग चंदा एकत्रित करते है, लेकिन गायों की देखभाल नहीं करते, जिसके कारण गोमाता बेकद्री का शिकार होकर मर रही हैं।



रोहतक। भिवानी रोड पर धरना देते गोभक्त।

#### गोवंश पर अत्याचार को सहन नहीं करेंगे

सौरभ ने बताया कि गोशालाओं में चंदा उगाही का काम चल रहा है। निशांत ने बताया कि शहर में गोवंश पर अत्याचार हो रहा है और प्रशासन मौन धारण किए बैठा है। गोमाता पर अत्याचार को सहन नहीं किया जाएगा। हिंदू धर्म में गाय को माता का दर्जा दिया गया है और मां सबकी बराबर होती है। मंजीत ने बताया कि गायों की रक्षा के लिए 25 जून को रोहतक पहुंचने का आह्वान किया था। बहुत से साथी आए हैं। उनका यह अभियान आगे भी जारी रहेगा।

# मिशन एडमिशन : स्नातक कक्षाओं में दाखिले के लिए आज लगेगी पहली कट ऑफ लिस्ट

हरिभूमि न्यूज ▶▶ महम

स्नातक कक्षाओं में दाखिले के लिए आज महाविद्यालयों में पहली कट ऑफ लिस्ट लगेगी। कॉलेजों में नए शैक्षणिक सत्र की तैयारियां चल रही हैं। विद्यार्थियों को नए सत्र में अधिक से अधिक सुविधाएं दी जाएं इसके लिए कॉलेज प्रबंधन द्वारा तैयारियां की जा रही हैं। राजकीय महाविद्यालय महम में नए शैक्षणिक सत्र की किस तरह से तैयारियां की जा रही हैं, यह जानने के लिए हरिभूमि की टीम राजकीय महाविद्यालय महम में पहुंची। यहां यह पता लगाया गया कि विद्यार्थियों के लिए इस बार कॉलेज क्या नई सुविधाएं मुहैया करवाने जा रहा है।

प्रिंसिपल रोहित कुमार ने बताया कि नए शैक्षणिक सत्र में छात्र छात्राओं के उपयोग के लिए 100 नए कंप्यूटर सैट खरीदे गए हैं। 6 एससी स्मार्ट क्लास रूम तैयार किए जा रहे हैं। विभिन्न शैक्षणिक व प्रशासनिक खंडों के लिए कॉलेज में 30 नए एससी खरीदे गए हैं। इंग्लिश लेंग्वेज लैब को वातानुकुलित बनाया गया है।

- प्रिंसिपल रोहित कुमार ने बताया कि कॉलेज में शुरू कर रहे हैं ऑपन जिम की सुविधा

### राजकीय महाविद्यालय में नए शैक्षणिक सत्र से विद्यार्थियों के लिए 24 घंटे खुली रहेगी लाइब्रेरी




#### हर हफ्ते एक मोटिवेशनल फिल्म दिखाई जाएगी

प्रिंसिपल रोहित कुमार ने बताया कि नए शैक्षणिक सत्र में कॉलेज विद्यार्थियों को ऑडिटोरियम में हर हफ्ते एक मोटिवेशनल फिल्म दिखाई जाएगी। नए सत्र से कॉलेज लाइब्रेरी 24 घंटे खुली रहेगी। कोई भी विद्यार्थी किसी भी समय कॉलेज लाइब्रेरी में पढ़ सकता है। इसका एक फायदा यह भी होगा कि कॉलेज में 24 घंटे बिजली की व्यवस्था की गई है। इसलिए लाइब्रेरी में किसी भी समय लाइट नहीं जाएगी। लाइब्रेरी को 24 घंटे चालू रखने के लिए कॉलेज प्रशासन ने उच्चतर शिक्षा निदेशालय से लाइब्रेरी चौकीदार की अलग से मांग करने की प्रक्रिया शुरू कर दी है। कॉलेज में पढ़ने वाले विद्यार्थियों की कसरत व अन्य शारीरिक अभ्यास के लिए महाविद्यालय खेल ग्राउंड में ऑपन जिम लगाया जा रहा है। सफाई के लिए अत्याधुनिक मशीनें मंगवाई गई हैं। सफाई कर्मियों को ऑटोमैटिक मशीनों से सफाई करने का मौका मिलेगा। जिससे कॉलेज की साफ सफाई बेहतर तरीके से हो सकेगी। खेल गतिविधियों को बढावा देने के लिए खिलाड़ियों को खेल का अत्याधुनिक सामान उपलब्ध करवाया जाएगा। छात्र छात्राओं को स्वच्छ पेयजल उपलब्ध करवाने के लिए कॉलेज में नया आरओ प्लांट लगाया जा रहा है, जिस पर 8 लाख 31 हजार रुपए की लागत आएगी।



#### 1160 सीटें
#### विद्यार्थियों का बीसीए की तरफ रुझान

राजकीय महाविद्यालय महम में विभिन्न संकायों की 1160 सीट हैं। स्नातक प्रथम वर्ष में दाखिले के लिए छात्र छात्राओं ने ऑन लाइन आवेदन किए हैं। राजकीय महाविद्यालय महम में विद्यार्थियों ने बीसीए प्रथम वर्ष में दाखिले के लिए सबसे अधिक रूचि दिखाई है। यहां बैचलर ऑफ कंप्यूटर एप्लिकेशन की 80 सीट हैं। इस कॉर्स के लिए सबसे अधिक 170 विद्यार्थियों ने दाखिले के लिए आवेदन किया है। छात्र छात्राओं ने सबसे कम रूचि विज्ञान संकाय में दिखाई है। यहां विज्ञान संकाय की 160 सीट हैं, जिन पर केवल 60 विद्यार्थियों ने ही आवेदन किया है। उसके बाद कॉमर्स की ओर भी विद्यार्थियों का कम रूझान देखने को मिला है। कॉमर्स की 160 सीटों पर केवल 62 विद्यार्थियों ने ही आवेदन किया है। राजकीय महाविद्यालय महम में आट्र्स प्रथम वर्ष की 640 सीट हैं, जिन पर 568 विद्यार्थियों ने दाखिले के लिए एप्लाई किया है। बीएससी मैथ की 40 सीटों पर 55 विद्यार्थियों ने आवेदन किया है। स्नातक प्रथम वर्ष में दाखिले के लिए पहली सूची 26 जून को लगेगी।

# मेडिकल बायोटेक्नोलॉजी तेजी से उभरता क्षेत्र : डॉ. हरि मोहन

हरिभूमि न्यूज ▶▶ रोहतक

महर्षि दयानंद विश्वविद्यालय का मेडिकल बायोटेक्नोलॉजी केंद्र भारत में जैव चिकित्सा विज्ञान के क्षेत्र में एक प्रमुख शैक्षणिक और अनुसंधान संस्थान है। यह केंद्र जैविक और चिकित्सीय विज्ञानों के एकीकरण के माध्यम से नवाचार, बहु विषयक शिक्षा और अनुप्रयुक्त अनुसंधान को बढ़ावा देता है। मेडिकल बायोटेक्नोलॉजी एक तेजी से विकसित हो रहा क्षेत्र है, जिसका प्रभाव रोग निदान, उपचार और सार्वजनिक स्वास्थ्य समाधानों में महत्वपूर्ण है। मेडिकल बायोटेक्नोलॉजी केंद्र के निदेशक प्रो. हरि मोहन ने बताया कि एमएससी-मेडिकल बायोटेक्नलॉजी तेजी से उभरता क्षेत्र है, जिसमें रोजगार की अपार संभावनाएं हैं। इस पाठ्यक्रम में एडमिशन के लिए प्रवेश प्रक्रिया जारी है और इच्छुक अभ्यर्थी 26 तक ऑनलाइन आवेदन कर सकते हैं। विस्तृत जानकारी विश्वविद्यालय वेबसाइट पर उपलब्ध प्रॉस्पेक्टस से प्राप्त की जा सकती है।



#### मदवि में शैक्षणिक व अनुसंधान उत्कृष्टता

यह केंद्र जीवन विज्ञान संकाय के अंतर्गत कार्य करता है और स्नातकोत्तर कार्यक्रमों के माध्यम से आलोचनात्मक सोच, व्यावहारिक प्रशिक्षण और वास्तविक समस्याओं के समाधान पर बल देता है। डॉ. हरि मोहन, एसोसिएट प्रोफेसर और निदेशक, के नेतृत्व में विभाग एक अनुसंधान-प्रधान शिक्षण वातावरण प्रदान करता है, जो उद्योग की वर्तमान आवश्यकताओं के अनुरूप है। एम.एससी. कार्यक्रम में छात्र आणविक निदान, इम्यूनो टेक्नोलॉजी, कोशिका और ऊतक अभियांत्रिकी, जीन हेरफेर और बायोइनफॉर्मेटिक्स जैसे प्रमुख क्षेत्रों में अध्ययन करते हैं। प्रयोगशाला दक्षता पर विशेष ध्यान दिया जाता है, जिसमें पीसीआर, ईएलआईएसए, सीआरआईएसपीआर, कोशिका संवर्धन और ओमिक्स-आधारित उपकरणों का प्रशिक्षण शामिल है। प्रमुख अनुसंधान संस्थानों और जैव प्रौद्योगिकी उद्योगों के साथ रणनीतिक सहयोग से छात्रों को इंटर्नशिप, लाइव प्रोजेक्ट्स और वास्तविक अनुसंधान वातावरण का अनुभव प्राप्त होता है, जो उनके शैक्षणिक और व्यावसायिक विकास को सुदृढ़ करता है। हमारे पूर्व छात्र भारत और विदेशों में प्रतिष्ठित संस्थानों में कार्यरत हैं। कई छात्रों ने भारत के विभिन्न प्रतिष्ठित संस्थानों में डॉक्टरेट की पढ़ाई की है, और कुछ ने डॉक्टरेट प्राप्त करने के बाद सरकारी अस्पतालों में वैज्ञानिक के रूप में नियुक्ति प्राप्त की है।



## खबर संक्षेप

### खेड़ी सुल्तान में प्रशासन का रात्रि ठहराव आज

**झज्जर।** वीरवार को क्षेत्र के गांव खेड़ी सुल्तान में रात्रि ठहराव कार्यक्रम का आयोजन किया जाएगा। जिसमें डीसी स्वप्निल रविंद्र पाटिल ग्रामीणों से सीधा संवाद करते हुए उनकी समस्याएं सुनेंगे और मौके पर समाधान सुनिश्चित करेंगे। सीटीएम रविंद्र मलिक ने बताया कि गांव के राजकीय उच्च विद्यालय परिसर में आयोजित होने वाले इस कार्यक्रम में जिला प्रशासन के विभिन्न विभागों के अधिकारी मौजूद रहेंगे।



स्वप्निल रविंद्र पाटिल डीसी झज्जर।

### पेंशनर्स ऑनलाइन प्राप्त कर सकते हैं आयकर कटौती प्रमाण पत्र

**झज्जर।** जिला कोषाधिकारी ने बताया कि हरियाणा सरकार से सेवानिवृत्त जिन पैंशनर के वित्तीय वर्ष 2024-2025 के दौरान आयकर की कटौती हुई है या आयकर फाईल करने के लिए फार्म-16 पार्ट ए, फार्म-16 पार्ट बी, या कन्सोलिडेटेड फार्म-16 की आवश्यकता है, उन पेंशनरों को खजाना कार्यालय झज्जर में आने की आवश्यकता नहीं है। वे हरियाणा सरकार की वेबसाईट एचटीटीपीएसः//ईपेंशनएचआरवाई.एनआईसी.इन से डाउनलोड फार्म-16 या कन्सोडिलेटिड फार्म-16 पर क्लिक करके अपना पैन नंबर या पीपीओ नंबर भरकर आयकर की कटौती का प्रमाण प्राप्त कर सकते हैं।

### छीना झपटी करने के मामले में दो गिरफ्तार

**बहादुरगढ़।** दयानंद नगर में एक प्रवासी युवक से मोबाइल व रुपये छीनने की वारदात पुलिस ने सुलझा ली है। मामले में दोनों आरोपी गिरफ्तार कर लिए गए हैं। इनकी पहचान चिराग निवासी जटवाड़ा तथा उदय निवासी किला मोहल्ला के रूप में हुई है। उनसे छीना गया मोबाइल व कुछ रुपये बरामद कर लिए गए हैं। इस बारे में जानकारी देते हुए सेक्टर-9 चौकी प्रभारी योगेश ने बताया कि यूपी के सुकांत ने शिकायत दी थी कि वह यहां दयानंद नगर में रहता है। गत 20 जून की रात वह कुछ सामान लेकर अपने घर की तरफ जा रहा था।

### लाइनपार क्षेत्र में फंदे पर लटका मिला युवक

**बहादुरगढ़।** लाइनपार क्षेत्र में एक युवक ने फांसी लगाकर आत्महत्या कर ली। मानसिक परेशानी से तंग आकर युवक द्वारा यह कदम उठाए जाने की बात सामने आई है। पुलिस ने पोस्टमार्टम करा शव परिजनों को सौंप दिया है। मृतक की पहचान करीब 25 वर्षीय रोहित के रूप में हुई है। प्रवासी मूल का रोहित यहां लाइनपार स्थित बिहारी कॉलोनी में रहता था। मंगलवार को वह फंदे पर लटका देखा गया। जब तक उसे संभाला जाता, देर हो चुकी थी।

### करनाल में आज सुनेंगे झज्जर के उपभोक्ताओं की समस्याएं

**झज्जर।** वीरवार को जिला झज्जर के उपभोक्ताओं की शिकायतों के समाधान को लेकर करनाल में मुख्य अभियंता द्वारा राजीव गांधी विद्युत भवन, सेक्टर 12 स्थित कांफ्रेंस हॉल में सुबह 11 बजे से दोपहर एक बजे तक निवारण मंच की बैठक होगी। प्रवक्ता ने बताया कि बैठक की अध्यक्षता चेयरमैन जोनल सीजीआरएफ करनाल करेंगे। मंच प्रत्येक मामले में रुपए एक लाख रुपये से अधिक और तीन लाख रुपये तक की राशि के विवादों की शिकायतों की सुनवाई करेगा।

### करनाल में आज सुनीं जाएंगी बिजली समस्याएं

**झज्जर।** वीरवार को जिला झज्जर के उपभोक्ताओं की शिकायतों के समाधान को लेकर करनाल में मुख्य अभियंता द्वारा राजीव गांधी विद्युत भवन, सेक्टर 12 स्थित कांफ्रेंस हॉल में सुबह 11 बजे से दोपहर एक बजे तक निवारण मंच की बैठक होगी। 2.8.2 के अनुसार प्रत्येक मामले में रुपए एक लाख रुपये से अधिक और तीन लाख रुपये तक की राशि के वित्तीय विवादों से संबंधित शिकायतों की सुनवाई करेगा।

# मनोकामना सिद्धि के लिए आज से होगा आषाढ़ माह के गुप्त नवरात्र का प्रारंभ

- घटस्थापना का शुभ समय सुबह 8 :59 बजे से सुबह 10 :50 बजे तक रहेगा

हरिभूमि न्यूज ▶▶| रोहतक

माता दरवाजा स्थित संकट मोचन मंदिर में गुप्त नवरात्र श्रद्धा व भक्तिभाव से मनाए जाएंगे। हिंदू धर्म में नवरात्रि का विशेष महत्व है। हर साल में चार बार नवरात्रि का पर्व मनाया जाता है। आमतौर पर चैत्र और आश्विन मास में आने वाले नवरात्रि को तो सब जानते है। परंतु इनके अतिरिक्त भी विशेष कामनाओं की सिद्धि के लिए आषाढ़ और माघ माह के नवरात्रि होते हैं, जिन्हें गुप्त नवरात्रि बोला जाता है। यह जानकारी सचिव गुलशन भाटिया ने दी। गद्दीनशीन साध्वी मानेश्वरी देवी ने बताया कि इस बार आषाढ़ माह के गुप्त नवरात्रि का प्रारंभ 26 जून से होगा। इसके बाद चार जुलाई शुक्रवार भड़लिया नवमी को इनका समापन होगा। उन्होंने बताया इन नवरात्रों के दौरान मां दुर्गा के 10 महाविद्याओं मां काली, तारा देवी, षोडशी, भुवनेश्वरी, भैरवी, छिन्नमस्ता, धूमावती, बगलामुखी, मातंगी और कमला देवी की पूजा विधिवत रूप से पूजा व आराधना की जाती है। गुप्त नवरात्रि में पूजा को गुप्त रखा जाता है, यानी किसी को बताया नहीं जाता है। साधना जितनी गुप्त होती है उसका फल उतना ही फलदाई मिलता है। मान्यताओं के अनुसार गुप्त नवरात्रि में मां दुर्गा के साधनाकाल जप, तप, अनुष्ठान, साधना पूर्ण विधि से गुप्त तरीके से करने से जीवन में आ रही, सभी बाधा दूर हो जाती है और यंत्र, मंत्र, तंत्र की सभी बंदिसे कट जाती है।



रोहतक। मंदिर को आकर्षित लाइटों से सुसज्जित किया गया। फोटो : हरिभूमि

### कलश स्थापना का शुभ मुहूर्त



साध्वी मानेश्वरी देवी ने बताया कि नवरात्रि के पहले दिन शुभ मुहूर्त को ध्यान में रखते हुए कलश स्थापना की जाती है। घटस्थापना का शुभ समय सुबह 8:59 बजे से सुबह 10:50 बजे तक रहेगा। अगर इस समय नही कर पाए तो इसके बाद अभिजीत मुहूर्त दोपहर 12:00 बजे से दोपहर 12:56 तक रहेगा। उन्होंने बताया कि शुभ मुहूर्त में किया गया कार्य पूजन अनुष्ठान हमेशा ही सफल होता है

### नवरात्रि में ये रहेंगे शुभ योग

*नवरात्रि के दौरान पांच रवि योग और तीन सर्वार्थ सिद्धि योग बन रहे हैं। सर्वार्थ सिद्धि योग 26 जून सुबह 8:46 से 27 जून प्रातः 7:22 तक रहेगा। रवि योग 28 जून सुबह 6:35 से 29 जून सुबह 6:33 बजे तक और 30 जून प्रातः 7:19 से 1 जुलाई सुबह 8:50 बजे तक रहेगा। इस दौरान महत्वपूर्ण ग्रह परिवर्तन भी होंगे। 28 जून को गुरु ग्रह आद्रा नक्षत्र के दूसरे चरण में प्रवेश करेगा। 29 जून को शुक्र ग्रह वृषभ राशि में और 30 जून को मंगल ग्रह पूर्वा फाल्गुनी नक्षत्र में प्रवेश करेगा। शास्त्रों के अनुसार, इन विशेष योगों में की गई साधना विशेष फल प्रदान करती है।*

## भारत अब केवल विकासशील देश नही बल्कि वैश्विक स्तर पर चमक रहा

# भारत के बदलते वैश्विक परिप्रेक्ष्य पर चेंजिंग वर्ल्ड ऑर्डर विषय पर सेमिनार

### सेमिनार में विशेषज्ञ वक्ताओं ने वैश्विक राजनीतिक, आर्थिक और रणनीतिक परिवर्तना पर हुई चर्चा

हरिभूमि न्यूज ▶▶| रोहतक

महर्षि दयानंद विश्वविद्यालय के राजनीति विज्ञान विभाग द्वारा बुधवार को भारत के बदलते वैश्विक परिप्रेक्ष्य और उभरती हुई अंतरराष्ट्रीय भूमिका पर केंद्रित-राइजिंग इंडिया एंड चेंजिंग वर्ल्ड ऑर्डर विषयक सेमिनार का आयोजन किया गया। स्वराज सदन में आयोजित इस सेमिनार में विशेषज्ञ वक्ताओं ने वैश्विक राजनीतिक, आर्थिक और रणनीतिक परिवर्तनों की पृष्ठभूमि में भारत की उभरती भूमिका पर गहन विचार-विमर्श किया। इस राष्ट्रीय सेमिनार का शुभारंभ स्वदेशी जागरण मंच, आरके पुरम, नई दिल्ली के आर्थिक विश्लेषक सतीश कुमार ने बतौर मुख्यातिथि किया। अपने प्रभावी संबोधन में मुख्य अतिथि सतीश कुमार ने कहा कि भारत दुनिया में तेजी से उभर रहा है। उन्होंने कहा कि आज का भारत केवल उभरती अर्थव्यवस्था नहीं, बल्कि वैश्विक मंच पर निर्णय लेने वाली एक महत्वपूर्ण शक्ति बन चुका है। उन्होंने भारत को मजबूत बनाने के लिए स्वदेशी अपनाने पर जोर देने की बात कही।

बाबा मस्तनाथ विवि के पूर्व कुलपति प्रो. आरएस यादव ने बतौर की नोट स्पीकर व्याख्यान देते हुए कहा कि विश्व व्यवस्था में निरंतर हो रहे बदलावों के बीच भारत की स्थिति और रणनीति को समझना आज समय की आवश्यकता है। उन्होंने भारत की अंतरराष्ट्रीय भूमिका, रणनीतिक सोच और वैश्विक नीतियों में सक्रिय भागीदारी के महत्व को रेखांकित किया। पत्रकारिता एवं जनसंचार विभाग के अध्यक्ष प्रो. हरीश कुमार बतौर गेस्ट ऑफ ऑनर कार्यक्रम में शामिल हुए। उन्होंने कहा कि आज भारत बुलंदी के पायदान पर खड़ा है। दुनिया आज भारत की तरफ विश्वास से देख रही है। उन्होंने विकसित देशों के अनुरूप भारत के सूचना प्रवाह को मजबूत करने की दिशा में बल देने की बात कही। राजनीति विज्ञान विभाग के प्राध्यापक एवं सेमिनार के संयोजक डा. प्रदीप कुमार ने प्रारंभ में स्वागत भाषण दिया। डा. ज्योति ने सेमिनार की विषयवस्तु पर प्रकाश डाला। आभार प्रदर्शन राजनीति विज्ञान विभाग की अध्यक्षा डॉ. ममता रानी ने किया। प्राध्यापिका डा. निशा मोहन ने आयोजन सहयोग दिया तथा छात्रा खुशबू ने मंच संचालन किया। इस अवसर पर विभिन्न विभागों एवं संबद्ध महाविद्यालयों के प्राध्यापक, शोधार्थी, विद्यार्थी एवं स्वदेशी जागरण मंच के सदस्यगण उपस्थित रहे।




रोहतक। आयोजित कार्यक्रम का दीप जलाकर शुभांरभ करते मुख्य अतिथि स्वदेशी जागरण मंच, आरके पुरम, नई दिल्ली के आर्थिक विश्लेषक सतीश कुमार व कुलपति प्रो. राजबीर सिंह। फोटो : हरिभूमि



रोहतक। कार्यक्रम में उपस्थित विभिन्न विभागों एवं संबद्ध महाविद्यालयों के प्राध्यापक, शोधार्थी, विद्यार्थी एवं स्वदेशी जागरण मंच के सदस्यगण।

### आज भारत को स्किल्ड यूथ की जरूरत

एमडीयू कुलपति प्रो. राजबीर सिंह ने कहा कि भारत अब केवल विकासशील देश नहीं, बल्कि वैश्विक शक्ति संतुलन में एक निर्णायक भूमिका निभा रहा है। हमें इस नए विश्व व्यवस्था में भारत की स्थिति को समझते हुए सक्रिय नीतिगत भागीदारी निभानी होगी। उन्होंने कहा कि आज भारत को स्किल्ड यूथ की जरूरत है और एनईपी 2020 इस दिशा में मील का पत्थर साबित होगी।

# दो व तीन जुलाई को लगाए जाएंगे स्वास्थ्य जांच शिविर

हरिभूमि न्यूज ▶▶| रोहतक

उपायुक्त धर्मेंद्र सिंह ने बताया कि जिला प्रशासन एवं जिला रेडक्रॉस सोसाइटी द्वारा एलिम्को कंपनी के सहयोग से जिला के वरिष्ठ नागरिकों एवं दिव्यांगजनों के लिए 2 व 3 जुलाई को विभिन्न स्थानों पर जांच शिविरों का आयोजित किए जाएंगे। जिला के महम खंड के सीसर खास में 27 जून को आयोजित होने वाले रात्रि ठहराव कार्यक्रम में भी जिला रेडक्रॉस सोसायटी द्वारा नेत्र जांच शिविर, रक्तदान शिविर तथा वरिष्ठजन के लिए सहायक उपकरणों के लिए पंजीकरण भी किया जाएगा।

धर्मेंद्र सिंह ने बताया कि जिला रेडक्रॉस सोसायटी द्वारा 2 जुलाई को जिला के गांव बनियानी में ग्राम पंचायत के सहयोग से वरिष्ठ नागरिकों और दिव्यांगजन के लिए जांच शिविर का आयोजन होगा। इसी तरह 3 जुलाई को सोसायटी द्वारा महम नगर पालिका कार्यालय में इस शिविर का आयोजन किया जाएगा। सहायक उपकरणों की आवश्यकता वाले वरिष्ठ नागरिकों इन शिविरों में आधार कार्ड व आय प्रमाण पत्र लेकर पंजीकरण करवा सकते है। सोसायटी द्वारा कान की मशीन, विभिन्न प्रकार की बेल्ट, कमर बेल्ट, व्हील चेयर, कमोड चेयर, बैसाखी आदि उपकरणों के लिए पंजीकरण किया जाएगा। उन्होंने बताया कि यदि दिव्यांगजन के पास नया मेडिकल यूडीआईडी कार्ड है, तो वे इस कार्ड के साथ आधार कार्ड, फैमिली आईडी और एक फोटो साथ लेकर आए।



रोहतक। उपायुक्त धर्मेंद्र सिंह।

### दिव्यांगजनों का पंजीकरण होगा

उपायुक्त धर्मेंद्र सिंह ने बताया कि इन जांच शिविरों में गत पांच सालों से बैटरी चालित रिक्शा न मिलने वाले दिव्यांगजनों का पंजीकरण भी किया जाएगा। गत तीन वर्ष से हाथ वाली रक्शा, व्हीलचेयर व अन्य उपकरण न मिलने वाले दिव्यांगजनों का भी पंजीकरण किया जाएगा। उन्होंने बताया कि गांव बनियानी में आयोजित होने वाले शिविर के लिए जिला रेडक्रॉस सचिव श्याम सुन्दर के फोन नंबर पर पंजीकरण किया जा सकता है तथा नगर पालिका महम में आयोजित होने वाले शिविर के लिए रेडक्रॉस समिति के आजीवन सदस्य बसंत लाल गिरधर के मोबाइल नंबर पर संपर्क करके पंजीकरण करवाया जा सकता है।

# महामंडलेश्वर बाबा कपिल पुरी ने झंडी दिखाकर खाद्य सामग्री से भरे ट्रक अमरनाथ के लिए किए रवाना

हरिभूमि न्यूज ▶▶| रोहतक

महामंडलेश्वर बाबा कपिल पुरी ने हर हर महादेव सेवा समिति के तत्वाधान में खाद्य सामग्री से भरे ट्रक हरी झंडी दिखाकर अमरनाथ यात्रा के लिए रवाना किए। बाबा कपिल पुरी ने कहा कि हर हर महादेव सेवा समिति अमरनाथ यात्रा में श्रद्धालुओं की सेवा के लिए पूरी तरह से तैयार है। समिति का उद्देश्य है कि अमरनाथ यात्रा में आने वाले श्रद्धालुओं को किसी प्रकार की परेशानी न हो। समिति द्वारा भेजी गई खाद्य सामग्री का वितरण अमरनाथ यात्रा में आने वाले श्रद्धालुओं के बीच किया जाएगा। इस सामग्री में खाने का सामान, पानी और अन्य आवश्यक वस्तुएं शामिल हैं। बाबा कपिल पुरी ने ट्रक रवाना करते समय श्रद्धालुओं को आशीर्वाद दिया और कहा कि भगवान शिव की कृपा से सभी श्रद्धालुओं की यात्रा सुखद और सुरक्षित होगी। इस अवसर पर बड़ी संख्या में श्रद्धालु उपस्थित थे। हर हर महादेव समिति का यह विशाल भंडारा है, जिसमें अमरनाथ यात्रा पर जाने वाले श्रद्धालुओं के लिए अटूट भंडारे का वितरण होगा। श्रद्धालुओं को किसी भी प्रकार की कोई परेशानी ना हो सेवा समिति का यही प्रयास रहेगा। इस अवसर पर महेश मित्तल, विनोद शर्मा, नरेश रोहिल्ला, अजीत सैनी, विकास जैन, मोहन, ईश्वर सिंगला, मोहित व अन्य आयोजक उपस्थित रहे ।



रोहतक। पूजा अर्चना करते महामंडलेश्वर बाबा कपिल पुरी व हर हर महादेव सेवा समिति के सदस्य। फोटो : हरिभूमि

# विधानसभा के प्रत्येक मतदान केंद्र पर बीएलओ किए गए नियुक्त

हरिभूमि न्यूज ▶▶| रोहतक

भारत निर्वाचन आयोग की हिदायतों अनुसार 61-गढ़ी-सांपला-किलोई विधानसभा क्षेत्र तथा 62-रोहतक विधानसभा निर्वाचन क्षेत्र के प्रत्येक मतदान केंद्र पर एक-एक बूथ स्तर अधिकारी नियुक्त किए गए है। नियुक्त किए गए सभी बूथ स्तर अधिकारियों को 27 जून तक जिला निर्वाचन अधिकारी कार्यालय में उपस्थिति दर्ज करवाने के निर्देश दिए गए है। सांपला के उपमंडल अधिकारी (नागरिक) एवं 61-गढ़ी-सांपला-किलोई विधानसभा निर्वाचन क्षेत्र के निर्वाचक पंजीयन अधिकारी उत्सव आनंद ने भारत निर्वाचन आयोग की हिदायतों की अनुपालना में विधानसभा निर्वाचन क्षेत्र के प्रत्येक मतदान केंद्र पर एक-एक बूथ स्तर अधिकारी नियुक्त करने के आदेश जारी किए है। यह आदेश लोक प्रतिनिधित्व अधिनियम 1950 की धारा 13-बी (2) के तहत जारी किए गए है। इसी प्रकार रोहतक के उपमंडल अधिकारी (नागरिक) एवं 62-रोहतक विधानसभा निर्वाचन क्षेत्र के निर्वाचक पंजीयन अधिकारी आशीष कुमार द्वारा भी भारत निर्वाचन आयोग की हिदायतों की अनुपालना में विधानसभा निर्वाचन क्षेत्र के प्रत्येक मतदान केंद्र पर एक बूथ स्तर अधिकारी नियुक्त करने के आदेश जारी किए गए है।

### अधिकारियों को दिए जरूरी निर्देश

विधानसभा निर्वाचन क्षेत्र में नियुक्त बूथ स्तर अधिकारियों को निर्देश दिए गए है कि वे 27 जून तक अपनी उपस्थिति जिला निर्वाचन अधिकारी कार्यालय में दर्ज करवाए अन्यथा निर्वाचन नियमों के तहत कार्रवाई की जाएगी।



महम। चौबीसी चबूतरे पर बैठक करते भारतीय मार्कसवादी कम्यूनिस्ट पार्टी के पदाधिकारी।

# मूलभूत सुविधाओं के लिए तरस रहे महम इलाके के लोग

हरिभूमि न्यूज ▶▶| महम

भारत की कम्युनिस्ट पार्टी मार्क्सवादी महम एरिया कमेटी की मीटिंग राम भगत नंबरदार बलहबा की अध्यक्षता में चौबीसी चबूतरे पर हुई। मीटिंग में प्रमुख तौर पर एरिया के बदलते राजनीतिक स्वरूप और शिक्षा एवं स्वास्थ्य समेत मूलभूत सुविधाओं की कमी को लेकर चर्चा की। इस दौरान आमजन की शिक्षा व स्वास्थ्य सुविधाओं के अभाव पर चर्चा की गई और काफी चिंता व्यक्त की। एरिया कमेटी महम के संयोजक बलवान सिंह ने बताया कि महम में उपमंडल स्तरीय नागरिक अस्पताल की हालत बहुत ही दयनीय है। प्रदेश तथा केन्द्र सरकार के मानदंडों के अनुसार महम नागरिक अस्पताल में डॉक्टर तथा सहायक स्टाफ की कमी है। मरीजों के इलाज में प्रयोग होने वाले औजारों की बड़ी कमी है। यहां एक्स-रे मशीन अल्ट्रासाउंड मशीन सीटी स्कैन इत्यादि की उपलब्ध नहीं है। नागरिक अस्पताल बिल्डिंग की हालत भी काफी कमजोर है। यह बिल्डिंग काफी पुरानी हो चुकी है। वार्डों में बिस्तर, गद्दे व अन्य सामान की कमी बनी हुई है।

## कांग्रेस ने आपात काल लगाकर संविधान और लोकतंत्र की हत्या की

# पार्टी के कार्यालय पर आपातकाल के 50 वें वर्ष को भाजपाइयों ने संविधान हत्या दिवस के रूप में मनाया

हरिभूमि न्यूज ▶▶| रोहतक

भारतीय जनता पार्टी के कार्यालय मंगल कमल में आपातकाल को याद कर संगोष्ठी का आयोजन किया गया। इस मौके पर भाजपा के वरिष्ठ नेता व हरियाणा सरकार में पूर्व मंत्री डॉ कमल गुप्ता ने कहा कि कांग्रेस ने सत्ता सुख के लिए संविधान की मूल भावना को कुचला उन्होंने कहा कि कांग्रेस ने आपात काल लगाकर संविधान और लोकतंत्र की हत्या की है। डॉ कमल गुप्ता ने कहा कि कांग्रेस ने संविधान की भावना को सत्ता सुख के लिए किस प्रकार से रौंदा ये पूरा देश जानता है। उन्होंने कहा कि संविधान की हत्या करने वालों से इस घटना से लोगों को हुई तकलीफों के बारे में जानकारी होनी चाहिए। इस अवसर पर भाजपा जिलाध्यक्ष रणबीर सिंह ढाका ने कहा कि इमरजेंसी के दौरान बेकसूर लोगों को जेलों में डाल कर जो नृशंस कृत्य किया वो लोग वास्तव में देश के हीरो हैं।

कार्यक्रम के दौरान जिला प्रभारी सतेंद्र परमार संबोधित करते हुए कहा कि आज का दिन कांग्रेस के माथे पर लगी कालिख के रूप में हमेशा याद किया जाएगा और जब जब इमरजेंसी की इतिहास में याद की जाएगी तब तब कांग्रेस के दुष्कृत्य को स्वतः ही याद किया जाएगा।

भाजपा प्रदेश कार्यालय प्रभारी गुलशन भाटिया, जो मीसा कानून के तहत खुद जेल में रहे वो कार्यक्रम में विशिष्ट अतिथि के रूप में विद्यमान रहे।

कार्यक्रम संयोजक राजू सहगल ने इमरजेंसी के दौरान जेलो में गए सभी परिवारों को मुख्यातिथि के हाथों सम्मानित करवाया और आए हुए सभी विशिष्ट अतिथि गणों का स्वागत सत्कार किया।

आपातकाल के दौरान जेलों में जाने वाले प्रमुख व्यक्तियों में सतीश कत्याल, सुभाष आहूजा, रवींद्र सक्सेना, मदन हरजाई, गुलशन भाटिया और लोकतंत्र सेनानियों के परिवारों के सदस्य और पार्टी के प्रमुख पदाधिकारियों में प्रदेश कोषाध्यक्ष अजय बंसल, प्रदेश मीडिया सह प्रभारी शमशेर सिंह खरक, पूर्व मेयर मनमोहन गोयल जिला मीडिया प्रभारी तरुण सन्नी शर्मा,जिला मीडिया प्रमुख अजय शर्मा, जिला उपाध्यक्ष उदय भान मलिक, पंकज छाबड़ा,अमित बंसल, सोशल मीडिया प्रमुख पंकज भारद्वाज, धर्मेंद्र गुगनानी, टीटू विज, सुनील गोयल आदी प्रमुख कार्यकर्ता और पदाधिकारी उपस्थित रहे।



रोहतक। भारतीय जनता पार्टी के कार्यालय मंगल कमल में मौजूद भाजपाई।

### इंदिरा गांधी ने इमरजेंसी लगाकर की लोकतंत्र हत्या

रोहतक। छत्तीसगढ़ के मुख्यमंत्री विष्णु देव साय ने रोहतक में पत्रकारों से बातचीत में कहा कि तत्कालीन प्रधानमंत्री इंदिरा गांधी ने देश में आपातकाल लगाकर लोकतंत्र की हत्या करने का काम किया था। उन्होंने कहा कि भाजपा इस दिन को काला दिवस के रूप में मनाती है। उन्होंने कहा कि वह दौर एक दुखदायी काल की तरह था। एक अन्य सवाल के जवाब में उन्होंने कहा कि राहुल गांधी के बयानों में कोई वजन नहीं रह गया है।

## सेक्टर-14 स्थित सिंधु भवन में कई राज्यों से पहुंचे लोगों ने श्रद्धासुमन अर्पित किए

# माता परमेश्वरी देवी के निधन पर शोक व्यक्त करने वालों का उमड़ा सैलाब



**रोहतक।** माता परमेश्वरी देवी के निधन पर शोक जताने पहुंचे पूर्व मंत्री प्रहलाद सिंह एवं सरदार निशान सिंह।



**रोहतक।** माता परमेश्वरी देवी के निधन पर शोक जताने पहुंचे छत्तीसगढ़ सीएलपी लीडर महंत चरण दास।

### सिन्धु निवास पर शोक जताने पहुचे लोगों ने माता परमेश्वरी देवी जी के चित्र पर पुष्प अर्पित कर श्रद्धांजलि दी।

हरिभूमि न्यूज ▶▶| रोहतक

प्रदेश के पूर्व वित्त मंत्री कैप्टन अभिमन्यु के सेक्टर 14 स्थित सिन्धु निवास पर शोक जताने के लिए बुधवार को हरियाणा सहित कई राज्यों के लोग पहुंचे। छत्तीसगढ़ के मुख्यमंत्री, पूर्व मुख्यमंत्री, मंत्री, प्रशासनिक अधिकारियों सहित गणमान्य व्यक्तियों ने माता परमेश्वरी देवी जी के चित्र पर पुष्प अर्पित कर श्रद्धांजलि दी और शोक संतप्त परिवार के प्रति संवेदनाएं व्यक्त की।

उन्होंने कहा माता परमेश्वरी देवी के दिए संस्कारों की वजह से ही सिंधु परिवार देश के कल्याण के लिए अलग अलग क्षेत्रों में कार्य कर रहा है। पूर्व चेयरमैन भोपाल सिंह, नैन खाप से रघबीर नैन, कंडेला खाप से टेकराम कंडेला, राष्ट्रीय जाट महासभा से राजेश धनखड़, व्यापारी नेता सुभाष तायल, धर्मपाल मकड़ौली, आरएसएस के प्रांत कार्यवाहक प्रताप मलिक और जयवीर, विहप नेता डॉ सुरेंद्र जैन, विधायक रिकेश सेन, पीजीआईएमएस के पूर्व निदेशक डॉ एसएस लोहचब, पूर्व चेयरमैन श्रीनिवास गोयल, पूर्व चेयरमैन भानी राम मंगला, भाजपा नेता अजय बंसल, भाजयुमो अध्यक्ष योगेंद्र शर्मा, राहुल राणा, भाजपा नेता नवीन ढुल, झज्जर पूर्व जिलाध्यक्ष दिनेश गोयल, राजकुमार शर्मा, अरुण शर्मा, राजू मोर, भाजपा नेता जवाहर सैनी, पूर्व चेयरमैन मेहरचंद गहलौत, चेयरमैन यशपाल ठाकुर, रजत गौतम, समय सिंह भाटी, पूर्व प्रदेश अध्यक्ष महिला मोर्चा सुनीता दांगी, पार्षद अनिता मिगलानी, पार्षद डिम्पल जैन, अमरनाथ सौदा, प्रवीण लाठर, भारत भूषण, आनंद सागर भी माता परमेश्वरी देवी जी को श्रद्धांजलि देने के लिए पहुंचे।

#### महंत चरणदास

महंत चरणदास ने माता परमेश्वरी देवी को श्रद्धांजलि दी। उन्होंने कहा कि मां के चले जाने से सारा संसार ही सूना हो जाता है। इस दुख की घड़ी में ईश्वर परिवार को शक्ति प्रदान करें और दिवंगत आत्मा को अपने श्री चरणों में स्थान दे।

#### महामंडलेश्वर कपिलपुरी महाराज



महामंडलेश्वर कपिलपुरी महाराज ने कहा कि माता परमेश्वरी देवी जी ने जीवन भर सादगी, सेवा और संस्कारों से भरपूर जीवन जिया। वे एक प्रेरणा थीं, जिन्होंने अपने परिवार को न केवल सामाजिक मूल्यों से जोड़े रखा बल्कि राष्ट्रसेवा की राह भी दिखाई। मैं उन्हें शत-शत नमन करता हूं।

#### स्वामी परम चेतन्य महाराज




स्वामी परम चेतन्य महाराज ने कहामाता परमेश्वरी देवी जी का जीवन दर्शन हमें जीवन में दृढ़ता और सेवा भावना की सीख देता है। उन्होंने जो संस्कार दिए, वे अमिट रहेंगे। उनसे समाज को प्रेरणा लेनी चाहिए।

#### एलपीएस बोसार्ड के एमडी राजेश जैन



एलपीएस बोसार्ड के एमडी राजेश जैन ने कहा कि हम सभी के लिए माता परमेश्वरी देवी जी का जीवन प्रेरणा का स्रोत रहेगा। उन्होंने जीवन में अनुशासन, नैतिकता और समर्पण को महत्व दिया। उनके जाने से समाज को बहुत बड़ी क्षति हुई है।

#### महिला आयोग पूर्व अध्यक्ष प्रतिभा सुमन



पूर्व महिला आयोग अध्यक्ष प्रतिभा सुमन ने कहा कि एक महिला के रूप में माता परमेश्वरी देवी जी ने अपनी भूमिका को पूरी गरिमा से निभाया। उन्होंने अपने परिवार को देश सेवा के लिए तैयार किया। उनके दिए संस्कार सिंधु परिवार में दिखाई देते हैं। माता जी के जाने से जो क्षति हुई है, उसकी कभी भरपाई नहीं हो सकती।

#### डॉ सुरेंद्र जैन।



#### पीजीआई के पूर्व निदेशक डॉ एसएस लोहचब



#### शोक व्यक्त करने पहुंची हस्तियां



पूर्व मंत्री देवेंद्र बबली



विधायक मुकेश पहलवान



आनंद सागर



बॉक्सर विजेंद्र कुमार



विधायक रिकेश सेन

कामरेड इंद्रजीत सिंह



भाजपा नेता अजय बंसल



पूर्व विधायक नरेश शर्मा




पार्षद अनिता मिगलानी और डिम्पल जैन



सतीश कुमार



पूर्व मंत्री कमल गुप्ता



## इंस्टीट्यूट ऑफ होटल मैनेजमेंट रोहतक में फूलों की सजावट



छात्रों ने सीखे विभिन्न प्रकार के गुलदस्ते

**रोहतक।** तिलियार स्थित इंस्टिट्यूट ऑफ़ होटल मैनेजमेंट (होटल प्रबंधन संस्थान) में होम स्टे केयरटेकर ट्रेनिंग कोर्स कर रहे विद्यार्थियों के लिए फूलों की सजावट कार्यशाला का आयोजन किया गया। ट्रेनिंग कोऑर्डिनेटर डॉ. श्वेता ने जानकारी देते हुए बताया कि कार्यशाला में विभिन्न प्रकार के फूलों की सजावट और गुलदस्ते बनाने के बारे में छात्रों को बताया और ट्रेनिंग दी।

## नशे से मुक्ति, समाज विकास की युक्ति

हरिभूमि न्यूज ▶▶| रोहतक



गौड़ ब्राह्मण शिक्षण महाविद्यालय में नशा मुक्त भारत अभियान के तत्वावधान में एक ऑनलाइन जागरूकता कार्यक्रम का आयोजन किया गया। कार्यक्रम की अध्यक्षता प्राचार्या डॉ. महाश्वेता ने की। उन्होंने नशा मुक्त भारत अभियान के मायने समझाते हुए कहा कि हम अपने समाज को नशा मुक्त बनाने का संकल्प करते हैं। आज का युवा जाने अनजाने नशे की गिरफ्त में फंसता जा रहा है।

युवाओं की ऊर्जा का सदुपयोग समाज एवं देश की उन्नति में होना चाहिए जबकि आज का युवा नहीं की बीमारी से जूझ रहा है। नित नई नई सूचनाओं एवं समाचारों से पता चलता है कि समाज में नशे का ज़हर दिन प्रतिदिन फैलता जा रहा है। इससे ना केवल धन का नुकसान है बल्कि स्वास्थ्य का भी नुकसान है। इसीलिए हमें अपने आसपास यह जागरूकता फैलानी चाहिए कि नशा स्वास्थ्य एवं उज्ज्वल भविष्य का दुश्मन है। आज का यह कार्यक्रम इसी दिशा में एक पहल है। महाविद्यालय के नशा मुक्ति अभियान के नोडल अधिकारी डॉ. विनोद कुमार ने बताया कि हम नशे की बुराई को जड़ से खत्म करने के लिए प्रतिबद्ध हैं। उन्होंने बताया कि सभी स्टाफ सदस्य एवं विद्यार्थियों ने नशा मुक्त भारत पोर्टल पर ऑनलाइन शपथ ली। इस अवसर पर डॉ. गीता रानी, डॉ. सविता शर्मा, डॉ. मोना मल्होत्रा, डॉ. सोन किरण, डॉ. रानी देवी, पूनम अत्री, विनोद शर्मा, निधि, पवन, पूनम, राखी आदि मौजूद रहे।

## दंत विशेषज्ञ ने 72 लोगों के दांतों की जांच की



हरिभूमि न्यूज ▶▶| रोहतक

बाबा बंदा सिंह बहादुर के बलिदान दिवस पर बीपी जैन स्किल डेवलपमेंट सेंटर, दिल्ली बाईपास, में निशुल्क दांत चैकअप शिविर लगाया गया। जिसमें डॉ. रमनीक भाटिया दंत विशेषज्ञ ने 72 लोगों के दांतों की जांच की। 12 लोगों के दांतों में खराबी मिली। डॉ. रमनीक ने बताया कि दांतों को दो बार ब्रश करना चाहिए, एक बार सुबह उठ कर, दूसरा रात को सोने से पहले। बच्चों को टॉफी यां चॉकलेट आदि नहीं खानी चाहिए।

# सीसर खास में 27 जून को रात्रि ठहराव कार्यक्रम

हरिभूमि न्यूज ▶▶| रोहतक

जिला विकास एवं पंचायत अधिकारी राजपाल चहल ने जिला के महम खंड के गांव सीसर खास में जिला प्रशासन द्वारा हरियाणा उदय कार्यक्रम के तहत 27 जून को आयोजित किए जाने वाले रात्रि ठहराव कार्यक्रम की तैयारियों का जायजा लिया।

रात्रि ठहराव कार्यक्रम में उपायुक्त धर्मेंद्र सिंह ग्रामीणों की शिकायतों के अलावा सामूहिक समस्याओं के निपटारे के निर्देश भी संबंधित अधिकारियों को देंगे। राजपाल चहल ने कहा कि मुख्यमंत्री नायब सिंह सैनी के निर्देशानुसार जिला प्रशासन द्वारा हरियाणा उदय कार्यक्रम के तहत प्रत्येक माह जिला के एक गांव में रात्रि ठहराव कार्यक्रम आयोजित किया जाता है। जिला प्रशासन द्वारा इसी कड़ी में 27 जून को महम खंड के गांव सीसर खास में रात्रि ठहराव कार्यक्रम आयोजित किया जाएगा। उन्होंने संबंधित विभागों के



अधिकारियों के साथ सीसर खास गांव स्थित राजकीय वरिष्ठ माध्यमिक विद्यालय का निरीक्षण किया, जहां पर रात्रि ठहराव कार्यक्रम आयोजित किया जाएगा।

#### कार्यक्रम के लिए सभी आवश्यक प्रबंध करने के निर्देश दिए

जिला विकास एवं पंचायत अधिकारी राजपाल चहल ने संबंधित अधिकारियों को रात्रि ठहराव कार्यक्रम के लिए सभी आवश्यक प्रबंध करने के निर्देश दिए। उन्होंने मौके पर साफ-सफाई का जायजा लिया तथा अधिकारियों को रात्रि ठहराव कार्यक्रम के दौरान ग्रामीणों के बैठने के लिए प्रबंध करने के निर्देश दिए। उन्होंने कहा कि रात्रि ठहराव कार्यक्रम के दौरान विभिन्न विभागों द्वारा स्टॉल लगाकर पात्र ग्रामीणों को मौके पर योजनाओं व सुविधाओं का लाभ दिया जाएगा व योजनाओं की जानकारी भी दी जाएगी। मौके पर विकास एवं पंचायत विभाग के सामाजिक शिक्षा एवं पंचायत अधिकारी सुधीर के अलावा अन्य संबंधित अधिकारी मौजूद रहे।

## माजरा दूबलधन के भारत कादियान बने लेफ्टिनेंट



**झज्जर।** क्षेत्र के गांव माजरा दूबलधन निवासी भारत कादियान का चयन भारतीय सेना में लेफ्टिनेंट पद पर हुआ है। देहरादून स्थित भारतीय सैन्य अकादमी में आयोजित पासिंग आउट परेड में भारत कादियान ने भारतीय सेना में लेफ्टिनेंट के रूप में कमीशन प्राप्त किया। उन्होंने कोर्स के 400 जेंटलमैन कैडेट्स में से समग्र मेरिट में 10वां स्थान अर्जित करते हुए अभिभावकों व क्षेत्र का गौरव बढ़ाया।

#### बेदखली सूचना

मैं सत्यवान पुत्र श्री सरदारा निवासी बनियानी, तह0 कलानौर, जिला रोहतक अपने हल्फ से बयान करता हूं कि मेरा लड़का नरेन्द्र व उसकी पत्नी तन्नु मेरे कहे सुने से बाहर है। मैं इन्हें अपनी चल व अचल सम्पत्ति से बेदखल करता हूं। आज के बाद इनसे कोई किसी भी प्रकार का लेन-देन करता है तो उसका स्वयं जिम्मेवार होगा। भविष्य में इनके किसी भी प्रकार के कार्य की मेरी व मेरे बाकी परिवार की जिम्मेवारी नहीं होगी।

MNC मलिक मनोरोग चिकित्सा केन्द्र
26 June WORLD ANTI DRUG DAY
SAY NO TO DRUGS
यहाँ पर हर प्रकार की मानसिक बीमारियों का इलाज किया जाता है।
यहाँ पर COUNSELLING के द्वारा भी इलाज किया जाता है।
APPOINTMENT की सुविधा भी उपलब्ध है।

डॉ. आशीष मलिक
Ex. Registrar, PGIMS, Rohtak
WE ALSO OFFER INTERNSHIP PROGRAM IN PSYCHOLOGY
MALIK NEUROPSYCHIATRY CENTRE
SCO No. 31, Sector 2 Market, Near Rathi Eye Hospital, Rohtak
समय- 9 AM से 7 PM
M. 8307676466, 8685805302



# 26 June WORLD ANTI DRUG DAY

## SAY NO TO DRUGS

## नशीली दवाओं के दुरुपयोग और अवैध तस्करी के खिलाफ अंतर्राष्ट्रीय दिवस

नशीली दवाओं के दुरुपयोग और अवैध नशीली दवाओं के व्यापार के खिलाफ एक संयुक्त राष्ट्र अंतर्राष्ट्रीय दिवस है। यह 1989 से 26 जून को प्रतिवर्ष मनाया जाता है। 26 जून की तारीख लिन जेक्सू के हुमेन, ग्वांगडोंग में अफीम व्यापार को समाप्त करने की याद में है, जो चीन में पहले अफीम युद्ध से ठीक पहले 25 जून, 1839 को समाप्त हुआ था। 7 दिसंबर 1987 के महासभा संकल्प 42/112 द्वारा पालन की स्थापना की गई थी।

26 जून 1987 को, वियना में आयोजित नशीली दवाओं के दुरुपयोग और अवैध तस्करी पर अंतर्राष्ट्रीय सम्मेलन में दो महत्वपूर्ण ग्रंथों (ड्रग अबाउट कंट्रोल में भविष्य की गतिविधियों की व्यापक बहु-विषयक रूपरेखा और नशीली दवाओं के दुरुपयोग और अवैध तस्करी पर अंतर्राष्ट्रीय सम्मेलन की घोषणा) को अपनाया गया था। 17-26 जून 1987 के दौरान। सम्मेलन ने सिफारिश की कि नशीली दवाओं के दुरुपयोग और अवैध तस्करी के खिलाफ लड़ाई के महत्त्व को चिह्नित करने के लिए एक वार्षिक दिवस मनाया जाना चाहिए। 17 जून और 26 जून दोनों तिथियों का सुझाव दिया गया था, और बाद की बैठकों में 26 जून को चुना गया और मसौदा और अंतिम प्रस्ताव में लिखा गया।






प्रधानमंत्री श्री नरेन्द्र मोदी द्वारा चलाए जा रहे

**एक पेड़ माँ के नाम अभियान**

को सार्थक बनाते हुए आइए, प्रकृति की रक्षा में एक कदम आगे बढ़ाएं।

**LPS BOSSARD**

के **वार्षिक पौधारोपण अभियान**

**(01 जुलाई से 31 अगस्त) में सहभागी बनें।**

जुड़ने के लिए निम्न नंबरों पर संपर्क करें -

9996784620, 9355555593, 9728507637, 7027000737








पेड़ लगाओ
पर्यावरण बचाओ

पर्यावरण का मत करो शोषण
यह हम सबका करता पोषण

**RAJESH JAIN**
M.D., LPS Bossard

UPS LAKSHMI | LPS BOSSARD Proven Productivity | BP Jain Skill Development Centre